AXIS BANK

# ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग - नियम व शर्तें

## 1. परिभाषाएं

- इस डॉक्यूमेंट में निम्नलिखित शब्दों और वाक्यांशों वही अर्थ माना जाएगा, जो उनके सामने लिखा है, जब तक कि संदर्भ कुछ और न हो.
- बैंक का अर्थ ऐक्सिस बैंक लिमिटेड है, जो कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत भारत में निगमित एक बैंकिंग कंपनी है और जिसका रजिस्टर्ड ऑफिस "त्रिशूल", थर्ड फ्लोर, समर्थेश्वर मंदिर, लॉ गार्डन के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद - 380 006, गुजरात, भारत में स्थित है, जिसमें इसकी कोई भी शाखा/कार्यालय शामिल है. इस शब्द में ऐक्सिस बैंक लिमिटेड के उत्तराधिकारी और असाइन शामिल हैं.
- ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग, बैंक की इंटरनेट सेवा है, जो यूज़र को निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान करती है बैलेंस संबंधी पूछताछ, खाते का स्टेटमेंट, चेक बुक जारी करने का अनुरोध, पर्सनल खाते की जानकारी देखने की सुविधा, डीमैट खाते की होल्डिंग/स्टेटमेंट का विवरण देखने की सुविधा और अन्य सुविधाएं, जैसा कि बैंक समय-समय पर प्रदान करने का निर्णय ले सकता है, जैसे खातों के बीच फंड ट्रांसफर.
- यूज़र, किसी भी व्यक्ति/व्यक्तियों को संदर्भित करता है जो या तो खाता धारक या एकल हस्ताक्षरकर्ता हैं या जब एक से अधिक हस्ताक्षरकर्ता होते हैं और/या बैंक द्वारा प्रदान की गई इंटरनेट बैंकिंग सेवा का लाभ उठाने के लिए बैंक द्वारा अधिकृत किए जाते हैं.
- खाता का अर्थ है यूज़र का बचत और/या चालू खाता और/या फिक्स्ड डिपॉज़िट और/या कैश क्रेडिट खाता और/या डिपॉज़िटरी खाता और/या ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सुविधा के तहत कवर किए जाने वाले बैंक द्वारा निर्धारित किसी अन्य प्रकार के खाते.
- नियम, इस डॉक्यूमेंट में विस्तृत रूप से ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग के उपयोग के लिए नियम और शर्तों को दर्शाते हैं.

## 2. नियम व शर्तों के लागू होने की सीमा

ये शर्तें यूज़र और बैंक के बीच अनुबंध बनाती हैं. ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग के लिए अप्लाई करके और सेवा को एक्सेस करके, यूज़र इन शर्तों को स्वीकार करता है और इनसे सहमत होता है. ये नियम समय-समय पर ऐक्सिस बैंक द्वारा निर्दिष्ट किए गए निम्नलिखित नियम और शर्तों और अन्य नियम और शर्तों के अतिरिक्त होंगे और उनके प्रभाव को कम नहीं करेंगे.

- ऐक्सिस बैंक प्रीपेड साधन के नियम व शर्तें
- ऐक्सिस बैंक ग्राहक अधिकार पॉलिसी
- ऐक्सिस बैंक नेट बैंकिंग के नियम व शर्तें
- ऐक्सिस बैंक बचत खाता नियम और शर्तें
- ऐक्सिस बैंक ग्राहक क्षतिपूर्ति पॉलिसी नियम और शर्तें
- ऐक्सिस बैंक बैंक प्रतिबद्धता संहिता नियम व शर्तें
- ऐक्सिस बैंक शुल्कों की सूची - शुल्कों का विवरण, जहां भी लागू हो, शुल्कों की सूची में स्पष्ट रूप से प्रकट किया जाएगा

- ऐक्सिस बैंक हेल्पडेस्क और शिकायत निवारण पॉलिसी नियम और शर्तें
- ऐक्सिस बैंक ग्राहक सुरक्षा पॉलिसी - अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग ट्रांज़ैक्शन में कस्टमर की देयता को सीमित करना

इन नियमों और शर्तों, और ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग से संबंधित अन्य प्राथमिक/निर्दिष्ट नियम और शर्तों के बीच किसी भी असंगति के मामले में, ये नियम व शर्तें लागू होंगी.

- आरबीआई के लागू दिशानिर्देशों के अनुसार, मुझे पता है कि इंटरनेट बैंकिंग को एक्सेस करने का निर्णय पूरी तरह से मेरे पास है और मुझे यह भी पता है कि ऐक्सिस बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध बैंक की निर्धारित सहमति प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से किसी भी समय यह सहमति संशोधित की जा सकती है या वापस ली जा सकती है.
- मुझे पता है कि अगर मैं 365 दिनों की निरंतर अवधि तक इंटरनेट बैंकिंग को एक्सेस न करूं, तो इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करने के लिए मेरी मौजूदा सहमति बिना किसी अगली सूचना के कैंसल कर दी जाएगी. मैं सहमत हूं कि मुझे उसके बाद इंटरनेट बैंकिंग को दोबारा एक्सेस करने के लिए नई सहमति प्रदान करनी होगी.

**3. सॉफ्टवेयर**

बैंक समय-समय पर इंटरनेट सॉफ्टवेयर, जैसे ब्राउज़र की सलाह देगा, जो ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करने के लिए आवश्यक हैं. बैंक पर इन इंटरनेट सॉफ्टवेयर के सभी संस्करणों का सपोर्ट करने का कोई दायित्व नहीं होगा. यूज़र समय-समय पर अपनी लागत पर अपने सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और ऑपरेटिंग सिस्टम को अपग्रेड करेगा और बैंक पर यूज़र के सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और ऑपरेटिंग सिस्टम को सपोर्ट करने का कोई दायित्व नहीं होगा और यह यूज़र की एकमात्र ज़िम्मेदारी होगी.

**4. संयुक्त खाते**

- ऐक्सिस बैंक के इंटरनेट बैंकिंग का लाभ उठाने वाले यूज़र को या तो खाता धारक और एकमात्र हस्ताक्षरकर्ता होना चाहिए या संयुक्त खाता के मामले में स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए अधिकृत होना चाहिए. ऐसे संयुक्त खाता के लिए, अनुरोध किए जाने पर प्रत्येक संयुक्त खाता धारक को एक यूज़र आईडी और पासवर्ड जारी किया जाएगा. अन्य संयुक्त खाता धारक स्पष्ट रूप से इस व्यवस्था से सहमत होंगे और अपनी सहमति देंगे.
- सभी पत्र-व्यवहार डाक पते पर किए जाएंगे. संयुक्त खाते में ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग के उपयोग से उत्पन्न होने वाले सभी ट्रांज़ैक्शन संयुक्त रूप से और अलग-अलग रूप से सभी संयुक्त खाता धारकों पर बाध्य होंगे. ऐसी स्थिति में बैंक किसी भी प्रकार के नुकसान / हानि के लिए किसी भी तरह से ज़िम्मेदार नहीं होगा, चाहे दूसरे संयुक्त खाता धारक को वास्तविक रूप से नुकसान हुआ हो या होने का दावा किया गया हो.

**5. नाबालिग के नाम पर खाते**

- नाबालिग के लिए और उसकी ओर से खोले गए खाते के मामले में, प्राकृतिक अभिभावक खाता के संचालन से संबंधित सभी निर्देश देने की ज़िम्मेदारी लेंगे और यह भी ज़िम्मेदारी लेंगे कि वे नाबालिग को यूज़र आईडी और पासवर्ड नहीं बताएंगे और ऐसा करना अभिभावक के जोखिम और परिणामों पर होगा और अगर खाता नाबालिग द्वारा संचालित किया जाता है, तो बैंक उस खाता पर किसी भी नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं होगा. ऐसी स्थिति में ट्रांजैक्शन को अभिभावक द्वारा किया हुआ माना जाएगा.

**6. सुरक्षा**

- बैंक, अपने पास मौजूद तकनीक का इस्तेमाल करके ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सेवा की सुरक्षा सुनिश्चित करने और बिना इजाज़त के उसे एक्सेस पर रोक लगाने के लिए पूरी सावधानी बरतेगा.

- बैंक अपने साथ रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या ईमेल एड्रेस पर एसएमएस, ईमेल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से ग्राहक से संपर्क कर सकता है.

**7. पासवर्ड**

यूज़र निम्नलिखित को स्वीकार करता है और बिना शर्त सहमत होता है:

- खाता धारक के एप्लीकेशन के अप्रूवल के बाद, ग्राहक को ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सुविधा को एक्सेस करने के लिए लॉग-इन आईडी और पासवर्ड दिया जाएगा.
- अगर ग्राहक तक पिन मेलर छेड़छाड़/खराब स्थिति में पहुंचता है, तो बैंक से तुरंत संपर्क करना होगा.
- पहली बार ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग इस्तेमाल करने पर, यूज़र को बैंक का दिया गया पासवर्ड, दिए गए विकल्प के माध्यम से बदलना होगा. यूज़र अपने जोखिम और नतीजों पर जितनी बार चाहे पासवर्ड बदल सकता है. बदले गए पासवर्ड को सुरक्षित रखने की पूरी ज़िम्मेदारी यूज़र की होगी, और बैंक किसी भी तरह से अधिकृत यूज़र के अलावा किसी और के पासवर्ड के गलत इस्तेमाल के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा.
- यूज़र आईडी/पासवर्ड के दुरुपयोग/अनधिकृत उपयोग के कारण यूज़र को होने वाले नुकसान के संबंध में कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है.
- अगर यूज़र पासवर्ड भूल जाता है, तो बैंक में लिखित अनुरोध देकर एक नया पासवर्ड प्राप्त किया जा सकता है. ऐसे रिप्लेसमेंट को नए अनुरोध की शुरुआत नहीं माना जाएगा. ऐसे में बैंक सही समय के अंदर नया पासवर्ड देगा. लेकिन, तब तक कोई ट्रांज़ैक्शन प्रभावित नहीं होगा.

**8. सुरक्षा जवाब**

यूज़र निम्नलिखित को स्वीकार करता है और बिना शर्त सहमत होता है:
ग्राहक इंटरनेट बैंकिंग लॉग-इन की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सुरक्षा प्रश्नों के उत्तर सेट करता है.
यूज़र अपने जोखिम और परिणामों पर, जितनी बार चाहें उतनी बार शाखा में अनुरोध करके जवाब बदल सकता है. यूज़र इस प्रकार बदले गए जवाबों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए पूरी तरह से ज़िम्मेदार होगा और अधिकृत यूज़र के अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उक्त जवाबों के दुरुपयोग के लिए बैंक किसी भी तरह से ज़िम्मेदार नहीं होगा. ग्राहक यह वचन देता है कि सुरक्षा जवाबों को थर्ड पार्टी से दूर रखा जाएगा और वह अपना लॉग-इन पासवर्ड, सुरक्षा जवाब और ट्रांज़ैक्शन पासवर्ड किसी ऐसे रूप में सेव नहीं करेगा, ताकि इसे पहचाना जा सके, जिसमें यूज़रनेम या इंटरनेट सेवा के साथ आने वाली किसी दूसरी चीज़ें भी शामिल हैं. अगर वह किसी दूसरे व्यक्ति को अपने सुरक्षा प्रश्न/जवाब के बारे में बताता है, तो वह, उस व्यक्ति द्वारा या उसकी सहमति से सेवा का इस्तेमाल करके किए गए सभी ट्रांज़ैक्शन से जुड़े सभी दावों, नुकसानों और नतीजों के लिए ज़िम्मेदार होगा. इन विवरणों के दुरुपयोग / अनधिकृत उपयोग के परिणामस्वरूप यूज़र को हुए किसी भी नुकसान सहित, इस संबंध में बैंक कोई भी जिम्मेदारी नहीं लेता है. अगर यूज़र जवाब भूल जाता है, तो उन्हें रीसेट करने के लिए शाखा से संपर्क कर सकता है.

**9. शुल्क**

बैंक, ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सुविधा के तहत कोई भी सेवा प्रदान करने के लिए यूज़र से कोई भी फिक्स्ड शुल्क लेने और वसूल करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. यूज़र इसके द्वारा बैंक को यूज़र के किसी एक खाता को डेबिट करके या यूज़र को बिल भेजकर सेवा शुल्क को रिकवर करने के लिए अधिकृत करता है, जो एक निर्दिष्ट अवधि के भीतर भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा. ऐसा न करने पर बैंक सेवा शुल्क (अगर कोई हो) को सही तरीके से ब्याज के साथ रिकवर करेगा, और/या बैंक कोई ज़िम्मेदारी लिए बिना ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सुविधा वापस ले लेगा.

**10. पत्राचार पता**

बैंक की तरफ से कोई भी पत्र/किसी भी निर्देश की डिलीवरी या उनका संचार सिर्फ सामान्य पत्राचार पते और/या बैंक में रजिस्टर्ड ई-मेल एड्रेस पर ही किया जाएगा. इसके न मिलने पर बैंक किसी भी तरह से ज़िम्मेदार नहीं होगा.

**11. इंटरनेट बैंकिंग पर उपलब्ध सेवाएं**
यूज़र्स को इंटरनेट बैंकिंग कुछ डिफॉल्ट सुविधाओं के साथ दी जाएगी, जिनके लिए सेकंड फैक्टर ऑथेंटिकेशन (नेटसिक्योर) की ज़रूरत नहीं है, जैसा कि अनुलग्नक I में बताया गया है. इंटरनेट बैंकिंग की सभी सुविधाओं का लाभ लेने के लिए, यूज़र को इंटरनेट बैंकिंग में लॉग-इन करके नेटसिक्योर (सेकंड फैक्टर ऑथेंटिकेशन) के लिए ऑनलाइन रजिस्टर करना होगा.

**12. चेक बुक जारी करना**
ग्राहक चेक बुक जारी करने का अनुरोध कर सकता है. एनआरआई ग्राहकों के विदेशी पतों पर चेक बुक भेजने के लिए, शुल्क के शेड्यूल में दर्ज कूरियर शुल्क और समय-समय पर वेबसाइट पर अपडेट किया शुल्क ग्राहकों को देना होगा.

**ट्रांज़ैक्शन प्रोसेसिंग (बैंक द्वारा शुरू किए जाने पर)**
- तुरंत वित्तीय ट्रांज़ैक्शन के सभी अनुरोध तुरंत प्रभावी हो जाएंगे.
- अगर बैंक को इस बारे में कोई निर्देश नहीं मिलता है, भले ही ग्राहक ने इसे आगे भेज दिया हो, तो यूज़र किसी भी ट्रांज़ैक्शन को प्रोसेस न करने/लागू न करने के लिए बैंक को ज़िम्मेदार नहीं ठहराएगा.

**स्टॉप चेक्स**

- "ग्राहक बैंक के डिजिटल चैनल के माध्यम से संबंधित चेक नंबर दर्ज करके 'स्टॉप चेक' का अनुरोध शुरू करता है. सबमिट करने पर, चेक का स्टेटस सिस्टम में ऑटोमैटिक रूप से सत्यापित हो जाता है. अगर चेक की पहचान 'अप्रयुक्त' के रूप में की गई है, तो 'स्टॉप चेक' का अनुरोध प्रोसेसिंग के लिए बैकएंड सिस्टम में ट्रांसमिट कर दिया जाता है, और ट्रांज़ैक्शन के लिए एक रेफरेंस नंबर जनरेट हो जाता है.
- अनुरोध सफलतापूर्वक जमा होने के समय से ही चेक तुरंत प्रभाव से रोक दिया जाता है

**13. डिमांड ड्राफ्ट जारी करना***
डिमांड ड्राफ्ट उन लोकेशन पर जारी किया जाएगा, जहां बैंक की शाखा है या उस लोकेशन पर जारी किया जाएगा, जहां साझेदार बैंक के साथ कोई व्यवस्था है.

**14. पैसे भेजना***
यूज़र संबंधित खाते में फंड ट्रांसफर के लिए ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग तब तक नहीं करेगा जब तक पर्याप्त फंड न हो या ओवरड्राफ्ट के अनुदान के लिए बैंक के साथ पहले से मौजूद व्यवस्था न हो. बैंक, ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से प्राप्त ऐसे फंड ट्रांसफर ट्रांज़ैक्शन को प्रभावित करने का प्रयास करेगा, बशर्ते यूज़र के खाते में पर्याप्त फंड उपलब्ध हों. बैंक के उचित नियंत्रण से बाहर परिस्थितियों के कारण सभी या किसी भी भुगतान या देरी से भुगतान करने के लिए किसी भी चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगा.

**15. बिल भुगतान***
यूज़र तय तिथि पर बिल के भुगतान के लिए पर्याप्त फंड बनाए रखेगा. बैंक अपर्याप्त बैलेंस या बैंक के उचित नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण भुगतान न करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा, जिसमें कनेक्टिविटी से जुड़ी तकनीकी समस्याएं, कंप्यूटर ब्रेकडाउन, कम्युनिकेशन लिंक की अनुपलब्धता आदि शामिल हैं.
यूज़र के बिल का तय समय में भुगतान न करने पर बैंक किसी भी तरह से ज़िम्मेदार नहीं होगा और सिर्फ यूज़र ही ब्याज, दंड या ऐसे किसी भी शुल्क का भुगतान करने या उसे चुकाने के लिए ज़िम्मेदार होगा. इसके अलावा, बैंक को यूज़र द्वारा हर्जाना देने के लिए नहीं कहा जाएगा.
ज़्यादा बिलिंग, सेवा या सुविधा का डिस्कनेक्ट होना, बैंक द्वारा गलत क्रेडिट या डेबिट जैसे सभी विवाद सिर्फ यूज़र द्वारा ही सुलझाए जाएंगे, और बैंक इसके लिए किसी भी तरह से ज़िम्मेदार नहीं होगा.
[* बैंक द्वारा ये सुविधाएं शुरू किए जाने पर लागू होंगी.]

**16. बैंक के अधिकार**

- यूज़र के खाते में ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग ट्रांज़ैक्शन की अनुमति केवल यूज़र आईडी और पासवर्ड के प्रमाणीकरण के बाद ही दी जाती है. यूज़र (संयुक्त खाता धारक के साथ, अगर कोई हो) ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से उनके द्वारा किए गए बैंकिंग ट्रांज़ैक्शन को पूरा करने के लिए बैंक को पूर्ण अधिकार देता है. यूज़र आईडी और पासवर्ड के सत्यापन के तरीके के अलावा, यूज़र से ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग के ज़रिए मिले किसी भी ट्रांज़ैक्शन या यूज़र द्वारा ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग के ज़रिए भेजे जाने का दावा करने वाले किसी भी ट्रांज़ेक्शन के असली होने की जांच करने की बैंक की कोई ज़िम्मेदारी नहीं होगी. ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सुविधा का गैरकानूनी या अनुचित उपयोग करने पर यूज़र को बैंक द्वारा तय किए गए वित्तीय शुल्कों का भुगतान करना होगा या इसके परिणामस्वरूप ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से संचालन निलंबित हो जाएगा.
- ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग के संचालन के समय यूज़र द्वारा उत्पादित प्रदर्शित या प्रिंटेड आउटपुट इंटरनेट के संचालन का रिकॉर्ड है और इसे बैंक से संबंधित ट्रांज़ैक्शन के रिकॉर्ड के रूप में नहीं माना जाएगा. कंप्यूटर सिस्टम के माध्यम से या अन्यथा बनाए गए ट्रांज़ैक्शन का बैंक का अपना रिकॉर्ड सभी उद्देश्यों के लिए निर्णायक और बाध्यकारी माना जाएगा, जब तक कि यूज़र के खाता एक्सेस करने की तारीख से एक हफ्ते के अंदर या यूज़र को समय-समय पर स्टेटमेंट भेजने की तारीख से (जो भी पहले हो) कोई भी अंतर नहीं बताया जाता.

**17. जानकारी की सटीकता**

- यूज़र, ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग के उपयोग के माध्यम से या इलेक्ट्रॉनिक मेल या लिखित संचार जैसे किसी अन्य माध्यम से बैंक को प्रदान की गई जानकारी की सटीकता के लिए ज़िम्मेदार है. यूज़र द्वारा प्रदान की गई गलत जानकारी के कारण होने वाले परिणामों के लिए बैंक कोई देयता स्वीकार नहीं करता है. यूज़र समय-समय पर स्टेटमेंट की शुद्धता की जांच करेगा और किसी भी गलती के बारे में बैंक को सूचित करेगा.
- स्टेटमेंट के सभी आउटपुट खाते के डुप्लिकेट स्टेटमेंट हैं और उन्हें इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से तैयार किया जाएगा और उनमें मौजूद जानकारी बैंक द्वारा बनाए गए कम्प्यूटराइज्ड बैक अप सिस्टम से निकाली जाएगी. हालांकि बैंक स्टेटमेंट की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए सभी उचित कदम उठाएगा, लेकिन बैंक किसी भी गलती के लिए उत्तरदायी नहीं है. अगर ऊपर बताए गए आउटपुट में दी गई जानकारी गलत है/गलत निकलती है, तो यूज़र को होने वाले किसी भी नुकसान, हानि आदि के लिए बैंक को ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा.

**18. यूज़र का दायित्व**

अगर यूज़र ने शर्तों का उल्लंघन किया है या लापरवाही के कारण नुकसान हुआ है, तो ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग खाते में अनधिकृत ट्रांज़ैक्शन से होने वाले किसी भी नुकसान के लिए केवल यूज़र ही उत्तरदायी होगा, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड का लिखित या इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड रखना
- ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड को किसी नाबालिग, बैंक कर्मचारी आदि के साथ शेयर करना या उसे शेयर होने से रोकने के लिए सभी उचित कदम उठाने में विफल रहना, और ऐसी जानकारी के खुलासे के बारे में उचित समय के भीतर बैंक को सूचित करने में विफल रहना.
- ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग खाता में बिना इजाज़त के एक्सेस करना या गलत ट्रांज़ेक्शन के बारे में सही समय पर बैंक को न बताना.

- अगर ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग की एक्सेस ऐसे किसी भी कारण से यूज़र के लिए उपलब्ध नहीं है, तो बैंक ऐसी किसी भी परिस्थिति में उत्तरदायी नहीं होगा, जिसमें प्राकृतिक आपदा, बाढ़, आग और किसी भी प्रकार की अन्य प्राकृतिक आपदाओं, कानूनी प्रतिबंधों, दूरसंचार नेटवर्क या इंटरनेट या नेटवर्क विफलता में गलतियां, पावर ब्रेकडाउन या यूपीएस ब्रेकडाउन, सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर विफलता और/या त्रुटि या बैंक के उचित नियंत्रण से बाहर किसी अन्य कारण शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है. यूज़र के अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा खाता हैकिंग के कारण होने वाले किसी भी नुकसान या क्षति के लिए बैंक किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार किए गए 'साइबर से संबंधित अपराध' की परिभाषाओं में आता हो. बैंक किसी भी परिस्थिति में किसी भी नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं होगा, चाहे ऐसा नुकसान प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, आकस्मिक, परिणामस्वरूप हो और चाहे कोई क्लेम राजस्व, निवेश, उत्पादन, सद्भावना, लाभ, बिज़नेस में बाधा या किसी भी तरह के नुकसान पर आधारित हो और चाहे वह यूज़र को हुआ हो या किसी और को हुआ हो.

**19. क्षतिपूर्ति**

यूज़र, बैंक को उन सभी कामों, दावों, मांगों, कार्रवाई, नुकसान, क्षति, लागत, शुल्क और खर्चों से बचाएगा और नुकसान से बचाए रखेगा, जो बैंक को किसी भी समय ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सुविधा प्रदान करने के परिणामस्वरूप या उसके कारण उत्पन्न हो सकता है, या बैंक द्वारा यूज़र के दिए गए किसी निर्देश पर सद्भावनापूर्वक कार्रवाई करने, कार्रवाई करने से इनकार करने या कार्रवाई करने में चूक करने के कारण हो सकता है.

**20. व्यक्तिगत जानकारी का प्रकटीकरण**

यूज़र इस बात से सहमत है कि बैंक या उसके कॉन्ट्रैक्टर, उसकी पर्सनल जानकारी को कंप्यूटर पर या किसी और तरह से ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सेवा के साथ-साथ सांख्यिकीय विश्लेषण और क्रेडिट स्कोरिंग के लिए बनाए रख सकते हैं और प्रोसेस कर सकते हैं. यूज़र इस बात से भी सहमत है कि बैंक पूरी गोपनीयता के साथ, दूसरी संस्थाओं को ऐसी पर्सनल जानकारी बता सकता है, जो नीचे दिए गए कारणों से ज़रूरी हो सकती है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है:

- किसी भी टेलीकम्युनिकेशन या इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग नेटवर्क में भाग लेने के लिए.
- कानूनी निर्देशों के अनुपालन के लिए.
- मान्यता प्राप्त क्रेडिट रेटिंग/स्कोरिंग एजेंसियों द्वारा क्रेडिट रेटिंग के लिए.
- धोखाधड़ी की रोकथाम के उद्देश्यों के लिए.

**21. बैंक का लियन**

चाहे वह एक के नाम पर हो या संयुक्त नाम पर हो, बैंक के पास, यूज़र के खाता में जमा राशि पर वर्तमान और भविष्य में होने वाले सभी बकाया की सीमा तक, सेट-ऑफ और लियन लगाने (किसी भी दूसरे लियन या शुल्क के बावजूद) का अधिकार होगा, चाहे वह यूज़र को दी गई और/या उसके द्वारा इस्तेमाल की गई ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सेवा की वजह से हुआ हो.

**22. मालिकाना हक**

- यूज़र यह मानता है कि ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सेवा के साथ-साथ इंटरनेट से जुड़े दूसरे सॉफ्टवेयर जो ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग को एक्सेस करने के लिए ज़रूरी हैं, वे संबंधित वेंडर की कानूनी प्रॉपर्टी हैं. ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग को एक्सेस करने के लिए बैंक द्वारा दी गई अनुमति से उपरोक्त सॉफ्टवेयर में कोई भी स्वामित्व या ओनरशिप के अधिकार नहीं मिलेंगे. यूज़र किसी भी तरह से उक्त प्रोग्राम में बदलाव/छेड़छाड़ या किसी तरह का प्रयोग करने की कोशिश नहीं करेगा. यूज़र की ओर से किए गए किसी भी उल्लंघन को उपयुक्त कानून के तहत निपटाया जाएगा और यूज़र बैंक को किए गए नुकसान के लिए उत्तरदायी होगा.

- यूज़र ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग के तहत सॉफ्टवेयर को संशोधित, रूपांतरित, विखंडित, कोड से छेड़छाड़ या रिवर्स इंजीनियर सॉफ्टवेयर या सॉफ्टवेयर के आधार पर कोई नया या बदला हुआ प्रोडक्ट बनाने का प्रयास नहीं करेगा.

**23. नियम और शर्तों में परिवर्तन**
बैंक के पास किसी भी समय, किसी भी नियम में बदलाव करने या उसे बेहतर बनाने का पूरा अधिकार है. बैंक समय-समय पर ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग में नई सेवा शुरू कर सकता है. नए फंक्शन्स के शुरू होने और उनकी उपलब्धता को यूज़र को उपलब्ध होने पर सूचित किया जाएगा. इन नई सेवाओं का उपयोग करके, यूज़र वेबसाइट www.axisbank.com पर समय-समय पर लागू और बताई गई शर्तों और नियमों को मानने के लिए सहमत होता है

**24. हस्तांतरण न किए जाने योग्य**
किसी यूज़र को प्रदान की गई ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा की अनुमति को किसी भी परिस्थिति में ट्रांसफर नहीं किया जा सकता है और इसका उपयोग केवल यूज़र द्वारा किया जाएगा.

**25. नोटिस**
बैंक और यूज़र इन नियमों और शर्तों के तहत सूचना दे सकते हैं:

- किसी भी पक्ष के मेलबॉक्स में इलेक्ट्रॉनिक रूप से. ऐसे नोटिस को लिखित में होने के रूप में माना जाएगा.
- लिखित रूप में, हाथ से या पोस्ट से यूज़र के दिए गए आखिरी पते पर भेजकर और बैंक के मामले में नीचे दिए गए पते पर:
  ऐक्सिस बैंक लिमिटेड, सेंट्रल ऑफिस, मेकर टावर्स 'एफ', 13th फ्लोर, कफ परेड, कोलाबा, मुंबई - 400 005
  . इसके अलावा, बैंक सामान्य प्रकार के नोटिस भी प्रकाशित कर सकता है, जो वेबसाइट पर ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग के सभी यूज़र्स के लिए लागू होते हैं. ऐसे नोटिस का असर वैसा ही होगा, जैसा हर यूज़र को अलग-अलग दिए गए नोटिस का होता है और/या न्यूज़पेपर या प्रिंट मीडिया में छपे नोटिस का होता है.

**26. शासकीय कानून**
यूज़र इस बात से सहमत है कि बैंक या उसके कॉन्ट्रैक्टर, उसकी पर्सनल जानकारी को कंप्यूटर पर या किसी और तरह से ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सेवा के साथ-साथ सांख्यिकीय विश्लेषण और क्रेडिट स्कोरिंग के लिए बनाए रख सकते हैं और प्रोसेस कर सकते हैं. यूज़र इस बात से भी सहमत है कि बैंक पूरी गोपनीयता के साथ, दूसरी संस्थाओं को ऐसी पर्सनल जानकारी बता सकता है, जो नीचे दिए गए कारणों से ज़रूरी हो सकती है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है:

- यूज़र बैंक को कम से कम 15 दिनों की लिखित सूचना देकर किसी भी समय ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सुविधा को समाप्त करने का अनुरोध कर सकता है. ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सुविधा के ऐसे कैंसलेशन से पहले, ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से अपने ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग खाते पर किए गए किसी भी ट्रांज़ैक्शन के लिए यूज़र ज़िम्मेदार रहेगा.
- यूज़र और बैंक के बीच उत्पन्न होने वाला कोई भी विवाद या अंतर परस्पर परामर्श/चर्चा द्वारा सेटल किया जाएगा, और विफल होने पर इसे मध्यस्थता के लिए भेजा जाएगा. मध्यस्थता की कार्यवाही, भारतीय मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1998 के अनुसार शासित और संचालित की जाएगी और मध्यस्थता की कार्यवाही मुंबई में होगी.
- बैंक भारत गणराज्य के अलावा किसी अन्य देश के कानूनों का अनुपालन न करने या उल्लंघन करने के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई देयता स्वीकार नहीं करता है. एक तथ्य यह है कि भारत के अलावा अन्य देश में यूज़र द्वारा इंटरनेट के माध्यम से ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सेवा को एक्सेस किया जा सकता है, इसका अर्थ यह नहीं लगाया जाएगा कि उक्त देश के कानून, यूज़र के ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग खातों और/या ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग के उपयोग में इन नियमों और शर्तों और/या संचालन

को नियंत्रित करेंगे. अगर कोई व्यक्ति भारत के अलावा किसी और जगह से ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सुविधा का इस्तेमाल करता है, तो इससे स्थिति में कोई बदलाव नहीं होगा और उस यूज़र को भारत गणराज्य के कानूनों के अधीन माना जाएगा

**27. ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सुविधा की समाप्ति**

- यूज़र बैंक को कम से कम 15 दिनों की लिखित सूचना देकर किसी भी समय ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सुविधा को समाप्त करने का अनुरोध कर सकता है. ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सुविधा के ऐसे कैंसलेशन से पहले, ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से अपने ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग खाते पर किए गए किसी भी ट्रांज़ैक्शन के लिए यूज़र ज़िम्मेदार रहेगा.
- बैंक किसी भी समय ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सुविधा को वापस ले सकता है, बशर्ते यूज़र को परिस्थितियों के हिसाब उचित सूचना दी गई हो
- यूज़र द्वारा सभी ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग खाते बंद करने से सुविधाएं ऑटोमैटिक रूप से समाप्त हो जाएंगी
- अगर यूज़र ने इन नियमों और शर्तों का उल्लंघन किया है या बैंक को यूज़र की मृत्यु, दिवालियापन या कानूनी अक्षमता के बारे में पता चलता है, तो बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग सुविधाओं को निलंबित या समाप्त कर सकता है.

**28. सामान्य**

इस अनुबंध में खंड के शीर्षक केवल सुविधा के लिए हैं और संबंधित खंड के अर्थ को प्रभावित नहीं करते हैं. यूज़र किसी अन्य को यह अनुबंध असाइन नहीं करेगा. बैंक इस अनुबंध के तहत अपनी किसी भी ज़िम्मेदारी को पूरा करने के लिए उप-ठेका कर सकता है और एजेंट को नियुक्त कर सकता है.

**29. अप्रत्याशित परिस्थितियां**

यहां अन्य किसी प्रावधान में कुछ विपरीत उल्लेख होने के बावजूद भी, बैंक इस एग्रीमेंट के तहत अपने दायित्वों को पूरा करने में विफल होने या उसमें देरी होने पर किसी भी स्थिति में ज़िम्मेदार नहीं होगा, बशर्ते ऐसी विफलता का कारण कोई प्राकृतिक आपदा, बाढ़, सूखा, भूकंप, भूस्खलन, तूफान, चक्रवात, आंधी-तूफान, महामारी/संक्रामक रोग, भुखमरी, आग, विस्फोट, दंगे या सामाजिक अशांति, युद्ध (चाहे घोषित हो या अघोषित), सार्वजनिक हितों के विरुद्ध शत्रुतापूर्ण कार्रवाई, आतंकवादी कृत्य, सैन्य कार्यवाही, सरकार या नियामक के आदेश/सूचना द्वारा घोषित लॉकडाउन, सरकार/अन्य प्राधिकरण की अन्य कार्यवाही, न्यायालय के आदेश या उद्योग-व्यापी/क्षेत्र-व्यापी/राष्ट्र-व्यापी हड़ताल, तालाबंदी, सिर्फ नियमों में लिखे काम करना, जानबूझकर धीमी गति से काम करना या इसी तरह की काम करने वाली श्रम संबंधी कार्यवाही, बिजली या अन्य सप्लाई की सामान्य विफलता, तकनीकी खराबी, दुर्घटनावश या मैकेनिकल अथवा इलेक्ट्रिकल खराबी, कंप्यूटर/नेटवर्क फेल होना या मनी ट्रांसमिशन अथवा पेमेंट गेटवे या कोर बैंकिंग सिस्टम का फेल होना, तकनीकी गड़बड़ी या फिर ऐसी कोई परिस्थिति हो, जो बैंक के उचित नियंत्रण से बाहर हो ("आकस्मिक घटना"). बैंक अपने विवेकाधिकार से सेवाओं को जारी रख सकता है या किसी आकस्मिक घटना के दौरान सेवाओं को निलंबित या समाप्त कर सकता है.

**30. क्षतिपूर्ति**

- ऐक्सिस बैंक द्वारा ग्राहक को सेवाएं और ऐक्सिस इंटरनेट बैंकिंग और/या सेवाओं की एक्सेस प्रदान करने की सहमति के अनुसार, ग्राहक, अपने स्वयं के खर्च पर, समय-समय पर, जो भी मामला हो उसके अनुसार, हमेशा पूरी तरह से और बिना किसी सीमा के ऐक्सिस बैंक, उसके सहयोगियों,

सहायक कंपनियों और उनके कर्मचारियों, डायरेक्टर, सलाहकार, एजेंट, परामर्शदाताओं, उत्तराधिकारियों, प्रतिनिधियों और अधिकार प्राप्त व्यक्ति या संस्था (इसके बाद से इसे "क्षतिपूर्ति पाने वाला पक्ष" कहा गया है) को सभी प्रत्यक्ष और/या अप्रत्यक्ष (तृतीय पक्ष सहित) दावों, लागतों, नुकसान, मांग, अभियोग, सुनवाई, कार्यवाहियों, खर्चों, दंड, क्षति, दायित्व, मुआवजों, पेनल्टी और/या क्षतिपूर्ति पाने वाले पक्ष को हुए, होने वाले या वहन किए जा सकने वाले ("नुकसान"), अटॉर्नी सहित अभियोजन की लागत/खर्च, चाहे कुछ भी हो, के लिए क्षतिपूर्ति देने, उनका बचाव करने और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए सहमत होगा, जो कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ग्राहक द्वारा सेवाओं का उपयोग करने और ऐक्सिस इंटरनेट बैंकिंग की सेवाओं का उपयोग करके शुरू किए गए सभी ट्रांज़ैक्शन की वजह से हो सकते हैं, फिर भले ही ग्राहक को इस बात की जानकारी हो या न हो, या चाहे ये ट्रांज़ैक्शन सही इरादे से किए गए हों या किसी अन्य इरादे से, ग्राहक यह सहमति देते हैं कि क्षतिपूर्ति प्राप्त करने वाले पक्ष ने ग्राहक के ट्रांज़ैक्शन के निर्देश पर और ग्राहक की अनुमति से, इन नियम और शर्तों और अन्य लागू निर्दिष्ट नियम और शर्तों के तहत ग्राहक के ट्रांज़ैक्शन को प्रोसेस किया है. ग्राहक इस बात से भी सहमत होते हैं और यह पुष्टि करते हैं कि ग्राहक द्वारा सेवाओं को आंशिक रूप से बंद करने के बाद भी उस पर यह क्षतिपूर्ति मान्य, कायम और बाध्यकारी रहेगी.

- ग्राहक क्षतिपूर्ति प्राप्त करने वाले पक्षों को, उनकी मांग पर, ऐसी राशि का भुगतान करने के लिए सहमत होता है, जो क्षतिपूर्ति प्राप्त करने वाले पक्ष के हिसाब से किसी भी नुकसान या खर्च की क्षतिपूर्ति के लिए पर्याप्त हो, फिर भले ही ऐसे खर्च हुए ही न हों या भविष्य में कभी हो सकते हों.

**31. जोखिम**

ऐक्सिस इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करके, ग्राहक डिजिटल और इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं से जुड़े अंतर्निहित जोखिमों को स्वीकार करता है और समझता है. ऐक्सिस बैंक मजबूत सुरक्षा उपाय अपनाने का हर संभव प्रयास करता है, लेकिन ग्राहक इस बात से सहमत होता है कि बैंक अपने नियंत्रण से बाहर के कारकों की वजह से पूरी सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकता है. ग्राहक स्पष्ट रूप से निम्नलिखित संभावित जोखिमों से सहमत होता है और उन्हें स्वीकार करता है:

1. **अनधिकृत एक्सेस**: अगर ग्राहक के क्रेडेंशियल, जिसमें एम-पिन, पासवर्ड या इंटरनेट बैंकिंग की सुरक्षा सेटिंग शामिल हैं, से छेड़छाड़ होती है, तो अनधिकृत एक्सेस हो सकती है. ग्राहक इस बात से सहमत होता है कि इन क्रेडेंशियल्स की गोपनीयता बनाए रखना उनकी ही ज़िम्मेदारी है.
2. **साइबर-अटैक**: ग्राहक यह स्वीकार करता है कि इंटरनेट बैंकिंग सेवाएं हैकिंग, मैलवेयर, रैंसमवेयर और वायरस सहित साइबर खतरों के प्रति संवेदनशील होती हैं, इनके कारण उनकी निजी और वित्तीय जानकारी के खतरे में पड़ने की संभावना होती है.
3. **फिशिंग और सोशल इंजीनियरिंग अटैक**: संवेदनशील बैंकिंग क्रेडेंशियल प्राप्त करने के लिए ग्राहक को फिशिंग ईमेल, धोखाधड़ी वाली वेबसाइट, कॉल, मैसेज या अन्य धोखाधड़ी वाले तरीकों के माध्यम से टार्गेट किया जा सकता है. ग्राहक को हमेशा सतर्क और सावधान रहना चाहिए और संदिग्ध अनुरोधों का जवाब देने से बचना चाहिए.
4. **मैलवेयर अटैक**: इंटरनेट बैंकिंग पर दुर्भावनापूर्ण सॉफ्टवेयर (मैलवेयर) इंस्टॉल करने से निजी डेटा, लॉग-इन क्रेडेंशियल और ट्रांज़ैक्शन से जुड़े विवरणों में अनधिकृत एक्सेस का खतरा हो सकता है. ग्राहकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके डिवाइस विश्वसनीय सुरक्षा सॉफ्टवेयर से सुरक्षित हैं और अविश्वसनीय स्रोतों के एप्लीकेशन डाउनलोड करने से बचना चाहिए.
5. **प्रसंस्करण त्रुटियां**: सिस्टम की गड़बड़ी, सॉफ्टवेयर बग, या मानवीय प्रविष्टियों की गलतियों के कारण, प्रसंस्करण त्रुटियां उत्पन्न हो सकती हैं, जिसमें ट्रांज़ैक्शन विफल होना शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं हैं. ग्राहक स्पष्ट रूप से सहमत है कि ऐसी किसी भी त्रुटियों या नुकसान के लिए ऐक्सिस बैंक उत्तरदायी नहीं होगा, जब तक कि ऐसी गंभीर लापरवाही या जानबूझकर की गई गलती बैंक द्वारा न की गई हो.
6. **ट्रांज़ैक्शन जोखिम**: इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से किए गए ट्रांज़ैक्शन में कभी-कभी तकनीकी

समस्याओं, नेटवर्क विफलताओं, सर्वर डाउनटाइम या ट्रांज़ैक्शन प्रक्रिया त्रुटियों के कारण देरी, विफलता या गलतियों का सामना करना पड़ सकता है. ऐक्सिस बैंक अपने उचित नियंत्रण से परे ऐसी ट्रांज़ैक्शन में आने वाली रुकावटों से उत्पन्न होने वाले नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं होगा.

7. **सुरक्षा का उल्लंघन**: मजबूत साइबर सिक्योरिटी इंफ्रास्ट्रक्चर के उपयोग के बावजूद, बिना इजाज़त घुसपैठ, हैकिंग की कोशिशों या डेटा ब्रीच का जोखिम बना रहता है. ग्राहक यह स्वीकार करते हैं कि ऐक्सिस बैंक ऐसे किसी भी नुकसान या क्षति के लिए उत्तरदायी नहीं होगा, जिसके परिणामस्वरूप सुरक्षा का किसी ऐसे तरीके से उल्लंघन होता है, जो बैंक के उचित नियंत्रण से बाहर हो.
8. **डेटा का उल्लंघन**: ग्राहक यह समझता है कि ऐक्सिस बैंक द्वारा उचित प्रयास किए जाने के बावजूद डेटा का उल्लंघन हो सकता है. ऐसे उल्लंघन से संवेदनशील निजी और वित्तीय जानकारी मिल सकती है, जिससे पहचान की चोरी, वित्तीय धोखाधड़ी और गोपनीयता ज़ाहिर होने के जोखिम हो सकते हैं.
9. **तृतीय पक्ष सेवा प्रदाता**: ऐक्सिस बैंक कुछ सेवाओं के लिए तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाताओं को नियुक्त कर सकता है. ग्राहक स्वीकार करता है कि तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाताओं पर निर्भरता के कारण तृतीय-पक्ष द्वारा डेटा सुरक्षा के उल्लंघन सहित सेवाओं की विफलता जैसे जोखिम हो सकते हैं. बैंक इन थर्ड-पार्टी इकाइयों द्वारा किसी भी उल्लंघन या विफलता के लिए उत्तरदायी नहीं होगा.
10. **सेवा की अनुपलब्धता**: समय-समय पर, निर्धारित मेंटेनेंस, सिस्टम अपडेट या अप्रत्याशित तकनीकी समस्याओं के कारण इंटरनेट बैंकिंग सेवाएं बाधित हो सकती हैं. ग्राहक समझते हैं और यह स्वीकार करते हैं कि ऐक्सिस बैंक को ऐसी अवधि के दौरान किसी भी देरी, बाधा या बैंकिंग सेवाओं को एक्सेस करने में असमर्थता के लिए जवाबदेह नहीं माना जाएगा.
11. **नियामक और कानूनी जोखिम**: इंटरनेट बैंकिंग नियामक ढांचे, दिशानिर्देशों और अनुपालन आवश्यकताओं में बदलाव के अधीन है. कानून या विनियमों में बदलाव इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं की कार्यक्षमता, उपलब्धता या सुरक्षा मानकों को प्रभावित कर सकते हैं.

ग्राहक सहमत है कि बैंकिंग सेवाओं के उपयोग में निहित इन या अन्य जोखिमों के परिणामस्वरूप होने वाले किसी भी प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, आकस्मिक या परिणामी नुकसान के लिए ऐक्सिस बैंक उत्तरदायी नहीं होगा.

